Raj Express (Indore), 28th March 2023, Page – 02

आईआईटी इंदौर के स्टूडेंट्स मणिपुर के लिए रवाना

युवा संगम कार्यक्रम के तहत 49 स्टूडेंट्स का दल एनआईटी के लिए निकला, 23 लड़कियां भी शामिल

इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क

आईआईटी इंदौर, मप्र के 49 स्टूडेंट्स का एक दल मणिपुर के रवाना हुआ। भारत सरकार के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत मध्यप्रदेश और मणिपुर के बीच परस्पर संपर्क व संवाद को प्रोत्साहित करने के लिए युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

2 अप्रैल तक मणिपुर में दल

इसी के तहत आईआईटी इंदौर के स्टूडेंट्स का दल मणिपुर के एनआईटी के लिए रवाना हुआ जिसमें 6 अधिकारियों के साथ करीब 23 लड़कियां शामिल हैं। इस दल को प्रो. सुहास एस. जोशी, निदेशक आईआईटी इंदौर ने फ्लैग ऑफ करके रवाना किया। दल सोमवार को इंदौर से रवाना हुआ जो कि 2 अप्रैल तक मणिपुर में रहेगा और वहां की संस्कृति को समझेगा। इस दल में मध्य प्रदेश के करीब 25 जिलों के स्टूडेंट्स शामिल थे।

सांस्कृतिक व पारंपरिक विचारों का बढ़ेगा आदान-प्रदान

प्रो. सुहास एस. जोशी ने बताया कि इस दौरे के माध्यम से दोनों राज्यों के बीच समृद्ध सांस्कृतिक और पारंपरिक विचारों के आदान-प्रदान बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। साथ ही इस कार्यक्रम के तहत पर्यटन, परंपरा, प्रगति, प्रौद्योगिकी और परस्पर संपर्क को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया जाएगा। हमारा स्टूडेंट्स से यही कहना है कि आप सभी को केवल प्रदेश ही नहीं बल्कि वहां के लोगो से मिलने का मौका मिलेगा साथ ही उनसे वहां की महत्वपूर्ण बातों को सीखे और अपने प्रदेश की संस्कृति व स्थानों की बातें भी उनसे साझा करें। वापस आकर अपने अनुभवों को सबसे साझा करें और एक रिपोर्ट बनाकर संस्थान को सौंपे। प्रो. जोशी ने बताया युवा संगम, भारत सरकार की एक पहल है।